दैनिक
वर्ष :-04
अंक:-252
मुरादाबाद
02 January 2025
(Thursday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# देशभर में नए साल की धूम, राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने देशवासियों को दी बधाई

## 'नये साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित', मंत्रिमंडल फैसलों पर पीएम मोदी

देशभर में आज नए साल की धूम देखने को मिल रही है। लोग एक दूसरे को बधाई देकर नए साल का स्वागत कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को बधाई दी है।आज देशभर में नए साल का जश्न मनाया जा रहा है। बीते साल को पीछे छोड़ नए साल 2025 में प्रवेश करने के लिए





लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, जिसके लिए सभी एक दूसरे को बधाई देकर अपनी खुशी भी जाहिर कर रहें हैं। इसी बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को बधाई दी है। पीएम मोदी की शुभकामनाएं और उम्मीद -नए साल के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया को प्लेटफॉर्म एक्स पर देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि यह वर्ष नए अवसर, सफलता और अनंत खुशी लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि 2025 की शुभकामनाएं! यह वर्ष सभी के लिए नए अवसर, सफलता और अनंत खुशी लेकर आए। सभी को उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मिले।卐राष्ट्रपति मुर्मू ने दी शुभकामनाएं- पीएम मोदी के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत और दुनिया के लिए एक उज्जवल, समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को फिर से मजबूत करने का आह्वान किया।उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा देशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं! वर्ष 2025 सभी के लिए खुशी, सद्भाव और समृद्धि लेकर आए! इस अवसर पर, आइए हम भारत और दुनिया के लिए एक उज्जवल, समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकरण करें। केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने नए साल की दी शुभकामनाएं- नए साल के अवसर केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि नव वर्ष 2025 के पावन अवसर पर मैं देश के सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश अगले 25 वर्षों में सबसे शक्तिशाली विकसित राष्ट्रों में से एक बनने जा रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री ने सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ काम किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी दी शुभकामनाएं- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भरोसा जताया कि इस राज्य को समृद्धि और विकास के रास्ते ले जाने के डबल इंजन सरकार के प्रयासों में 2025 में और तेजी आएगी। योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि प्रदेश में जारी विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की वजह से इस प्रदेश के लोगों का जीवन स्तर निरंतर सुधर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, युवा और महिलाओं समेत समाज का हर तबका इस डबल इंजन सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश विरासत और विकास को आगे बढ़ाने में सार्थक भूमिका निभा रहा है। हमें पूरा विश्वास है कि प्रदेश को समृद्धि और विकास के पथ पर आगे ले जाने की डबल इंजन सरकार के प्रयासों में 2025 में और गति आएगी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक के बाद एक पोस्ट में यह भी कहा कि उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।नए साल के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने किसानों को लेकर अहम फैसले लिए हैं। कैबिनेट ने डीएपी खाद पर सब्सिडी और फसल बीमा योजना को लेकर किसानों को सौगात दी है। इन मामलों पर अब पीएम मोदी की ओर से प्रतिक्रिया आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को फसल बीमा योजना के लिए आवंटन बढ़ाने सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के कुछ अन्य फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि नये साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित है।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक के बाद एक पोस्ट में यह भी कहा कि उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस फैसले का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, नए वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमें अपने सभी किसान बहनों और भाइयों पर गर्व है जो हमारे राष्ट्र का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। 2025 का पहला, मंत्रिमंडल का फैसला हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए समर्पित है। मुझे खुशी है कि इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।1,350 रुपये में मिलेगी डीएपी-प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किसानों को सस्ती दर पर डीएपी उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज को 3,850 करोड़ रुपये तक बढ़ाने के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि इससे किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मंत्रिमंडल के इस फैसले से किसानों को डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की 50 किलो वजन की एक बोरी 1,350 रुपये में मिल सकेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2026 तक बढ़ाई गई-बता दें कि, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2021-22 से लेकर वर्ष 2025-26 तक कुल 69,515.71 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी। इस निर्णय से 2025-26 तक देश भर के किसानों को नहीं रोके जा सकने योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नए साल पर सरकार का किसानों का तोहफा; सब्सिडी-बीमा योजना समेत कई सौगातें दीं

रात 12 बजते ही भारत समेत पूरी दुनिया नए साल के जश्न में डूब गई। नए सपने और नई उम्मीदें लेकर साल 2025 सबसे पहले किरिबाती गणराज्य के क्रिसमस आइलैंड पहुंचा। प्रशांत महासागर में स्थित इस द्वीप में भारतीय समयानुसार 31 दिसंबर की शाम साढ़े 3 बजे ही नए साल का जश्न शुरू हो गया। इसी क्रम में समोआ और टोंगा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, जापान और इंडोनेशिया जैसे देशों में भी नव वर्ष ने भारत से पहले दस्तक दी। अलग-अलग टाइम जोन के कारण 41 देश ऐसे हैं, जो भारत से पहले नव वर्ष का स्वागत करते हैं। भारत समेत दुनियाभर में स्थानीय संस्कृतियों और परंपराओं के साथ नए साल का स्वागत किया जा रहा है।नए साल पर केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों को कई अहम सौगातें दीं। इस दौरान किसानों के लिए डीएपी पर सब्सिडी बढ़ाने का एलान किया गया। इसके अलावा पीएम फसल बीमा योजना की बजट भी बढ़ाया गया। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में यह एलान किया गया।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने पंजाबी भाषा में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''सभी देशवासियों को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं। हमें उम्मीद है कि इस साल पंजाब विकास और प्रगति के एक नए दौर में प्रवेश करेगा।

# 'करोड़ों बहनों का प्यारा भाई बनना सबसे बड़ा सम्मान', लाड़की बहिन योजना पर एकनाथ शिंदे का बयान



डिप्टी सीएम शिंदे ने कहा कि मुझे गर्व है कि 2.40 करोड़ लड़की बहनों ने मुझे अपना लड़का भाऊ (प्यारा भाई) माना है। यह मान्यता मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के विकास के लिए पूरा समर्थन देने का वादा किया है।महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने हाल ही में बीते महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की मुख्य कड़ी रही लाड़की बहिन योजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाएं उन्हें अपना प्यारा भाई मानती हैं, जो उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है। डिप्टी सीएम ने बात सोमवार रात ठाणे जिले के दिवा महोत्सव में दिया। बता दें कि महाराष्ट्र में महिलाओं को वित्तीय सहायता देने के लिए शुरू की गई लाड़की बहिन योजना नवंबर 2024 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन की बड़ी जीत में एक अहम कारण माना जाता है। यह योजना शिंदे के मुख्यमंत्री रहते शुरू की गई थी। प्यारा भाई बनना मेरे लिए सम्मान- शिंदे डिप्टी सीएम शिंदे ने कहा कि मुझे गर्व है कि 2.40 करोड़ लाड़की बहिन ने मुझे अपना लड़का भाऊ (प्यारा भाई) माना है। यह मान्यता मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के विकास के लिए पूरा समर्थन देने का वादा किया है और पिछले ढाई साल में राज्य में जो प्रगति हुई, उसका श्रेय उन्होंने महायुति को दिया। साथ ही शिंदे ने पीएम मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने हमें हमेशा जरूरी समर्थन दिया है, जिससे हम कई रुकी हुई परियोजनाओं को फिर से शुरू कर सके। अपने राजनीतिक सफर पर डाला प्रकाश- एकनाथ शिंदे ने अपने राजनीतिक सफर पर बात करते हुए मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस के समर्थन के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि अब उपमुख्यमंत्री के तौर पर मैं इस समर्थन का कर्ज चुकता कर रहा हूं। हम मिलकर महाराष्ट्र को अभूतपूर्व विकास की दिशा में ले जाएंगे। साथ ही शिंदे ने दिवा शहर के विकास की योजनाओं के बारे में भी बताया, जिसमें क्लस्टर विकास, बेहतर नागरिक सुविधाएं और मेट्रो कनेक्टिविटी जैसे कदम शामिल हैं। महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के सहयोग से बनी महायुति गठबंधन ने रिकॉर्ड जीत दर्ज की। इसके बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और एकनाथ शिंदे व अजित पवार उपमुख्यमंत्री बने।

# तृणमूल कांग्रेस का 26वां स्थापना दिवस, ममता बोलीं- लोगों के अधिकारों के लिए पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा

1998 में स्थापित टीएमसी 2011 में वाम मोर्चा सरकार को हराने के बाद पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज हुई थी। इससे पहले 2001 और 2006 के विधानसभा चुनावों में पार्टी को सफलता नहीं मिली थी।तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बुधवार को अपना 26वां स्थापना दिवस मनाया। पार्टी की स्थापना एक जनवरी 1998 को हुई थी। इस अवसर पर टीएमसी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य के लोगों के अधिकारों के लिए पार्टी का संघर्ष जारी है और भविष्य में भी जारी रहेगा।ममता ने क्या कहा?- ममता बनर्जी ने फेसबुक पर लिखा, %सबसे पहले मैं आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। इसके साथ ही आज हमारी पार्टी का स्थापना दिवस भी है। इस वर्ष के स्थापना दिवस के अवसर पर मैं आपके साथ अपना लिखा और संगीतबद्ध किया एक गीत साझा कर रही हूं। यह गीत प्रसिद्ध गायक इंद्रनील सेन ने गाया है। बंगाल के लोगों के अधिकारों



के लिए हमारा संघर्ष जारी है और आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। जय हिंद! जय बांग्ला! वंदे मातरम! तृणमूल कांग्रेस जिंदाबाद! मां-माटी-मानुष जिंदाबाद।%अभिषेक बनर्जी ने क्या कहा? टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने लिखा, %टीएमसी देश और राज्य के लोगों के कल्याण के लिए समर्पित है। मैं सभी टीएमसी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और बलिदान को सलाम करता हूं।

वे हमारी पार्टी की रीढ़ हैं। नए साल में, आइए भविष्य के संघर्षों के लिए नए जोश के साथ तैयारी करें।% टीएमसी का सफर- 1998 में स्थापित टीएमसी 2011 में वाम मोर्चा सरकार को हराने के बाद पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज हुई थी। इससे पहले 2001 और 2006 के विधानसभा चुनावों में पार्टी को सफलता नहीं मिली थी। पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक महत्वपूर्ण शख्सियत ममता बनर्जी ने पार्टी को लगातार तीन बार सत्ता में पहुंचाया है, जिसमें 2021 के विधानसभा चुनावों में मिली शानदार जीत भी शामिल है।

संपादकीय Editorial

# Now 'Ram Naam' ki Revdi

On the first day of the new year, I wanted to analyse some positive, pleasant news, but nothing seemed important in comparison to the country, economy and 'election of Revdis', so this negative side has to be analysed once again. The country's economic growth rate has been estimated to be around 6.6 percent in the current financial year 2024-25. There is some exaggeration in this too, there are some contradictions too. Prime Minister Modi had expressed the desire for a growth rate of 8 percent in the recent meeting of pre-budget discussions. In fact, until this rate does not reach 10-12 percent, India cannot even start becoming a 'developed country'. Most of our regional parties, from BJP-Congress to DMK-TDP and Aam Aadmi Party (AAP), are not ready to understand the realities of the economy and want to cross the electoral Vaitarni by serving Revdis of freebies. This is being done continuously, while the states are burdened with debts of more than Rs 3-7 lakh crore. The country is also said to be in debt of about Rs 200 lakh crore. This figure keeps changing, but the debt that makes India hunchbacked is present. However, Prime Minister Modi has been warning that the practice of distributing freebies can ruin the country's economy, while India is striving to become the third largest economy in the world. Since the first election of 2025 is in the semi-state of Delhi, the 'revdi-daar announcements' of Kejriwal and 'AAP' seem more relevant and also worrying. These announcements are being made for the people and sections of the National Capital Region. The latest announcement made by Kejriwal is that the 'AAP' government in Delhi will give a monthly honorarium of Rs 18,000 to temple priests and granthis of Sikhs. Kejriwal had made a similar announcement for 240 Imams of Muslims. Although the Supreme Court had intervened in this matter and ruled that the honorarium should be given to the Imams from the income of the Waqf, but a provision was made that the amount of Waqf will also be given through the Delhi government. In that too, the honorarium has not been paid to the Imams for the last 17 months. Now the Imams are protesting outside Kejriwal's residence, but Kejriwal has started chanting 'Ram Naam Ki Mala'. Actually, there are 2153 recognized temples in Delhi. Most of the temples have an average of 3-4 priests. There are temples under private trusts as well. Priests are working in them as well. What will be the government's criteria as to whom to give allowance? Similarly, there are many Granthis in Sikh Gurudwaras. Although the Shiromani Gurdwara Parbandhak Committee must be providing honorarium-allowance to such Granthis, but Kejriwal has announced to give Rs 18,000 per month to each priest and Granthi, so the politics starts becoming clear. Now Kejriwal is also not a revolutionary or protester who goes on hunger strike. He has become a complete politician like other leaders. The Delhi government is in a loss of about Rs 16,000 crore and central grants are also given. Most of the areas are under the Central Government, so the pressure of loss is relatively not on the Delhi government. The question is of freebie politics. If governments will remain in the role of 'welfare', then how will overall development be possible and how will we become a developed nation.

# A time full of possibilities, many possibilities and challenges for India in 2025

Today the country is facing serious challenges of water scarcity. To overcome this this year, we will have to pay special attention to water conservation, recycling and management. Technology and better policies for efficient irrigation and water distribution can also help in solving these challenges. Biodiversity in India is very rich. Today India stands at a turning point in history with its population of more than 140 crores. In the future, India's economic progress will be greatly influenced by the current reforms, technological progress and demographic changes. It is estimated that this year India will take rapid steps towards becoming the third largest economy in the world, but it should be kept in mind that India does not want only development, but inclusive development, which can free millions of people from poverty and inequality. Encouraged by initiatives like Digital India and the satisfying experience of Fintech, India's transformation into a digital economy can create new employment opportunities and promote innovation. The country is aiming to become a global leader in tech services, e-commerce, artificial intelligence (AI) and data science by focusing on digital literacy, infrastructure and entrepreneurship. Looking at the emerging trends, it seems that India's efforts to boost its manufacturing sector under the Make in India initiative will prove to be crucial to achieving self-reliance and job creation. In the changing environment, India can emerge as a global manufacturing hub, especially in the field of electronics, automobiles and pharmaceuticals. Our ability to strike a balance between industrialization and sustainability will determine our progress in economic matters. The country aims to become a global leader in the field of renewable energy, especially solar energy, as it is compatible with green technology and sustainable systems. Today, India is well positioned to be at the forefront of many technological revolutions, from AI and data science to space exploration. India's tech ecosystem is growing rapidly and in 2025, the country can become a major hub for AI, machine learning and automation technology. This will benefit everything from agriculture and healthcare to urban planning and education. Our ISRO is gaining international recognition. Chandrayaan, Gaganyaan (human mission) and potential lunar and Mars missions could make India a leader in global space exploration in the coming days. India's startup ecosystem is growing rapidly and it could be the country to produce more unicorns (companies worth more than one billion dollars) than any other country except the US. This is helping to establish India as a major innovation hub globally, but the country's progress does not depend only on economic growth, it also requires social inclusion, education, health care and gender equality. It is good that India has set ambitious goals to improve its education system, so that it can become more inclusive and accessible. In the new year, by integrating more technology in the classrooms, the quality of education can be improved along with skill development in students. By emphasizing on higher education and research, world-class institutions can be created. Similarly, by improving telemedicine, diagnosis and health infrastructure, the accessibility and efficiency of India's healthcare system can be made effective. The government's Ayushman Bharat scheme can reduce healthcare inequalities. There is a campaign going on in the country to increase gender equality and empowerment, which can yield good results. It is hoped that women's participation in the workforce, politics and leadership positions in India will increase. Along with this, efforts for education, security and equal rights will prove to be important towards building an inclusive society. Under this, the quality of life of the deprived can be significantly improved by expanding access to basic services like housing, water, sanitation and electricity, which will help millions of people come out of poverty. The country can generate a significant part of its energy from renewable sources, which will reduce its carbon emissions and dependence on fossil fuels. Today the country is facing serious challenges of water shortage. To overcome this this year, we have to pay special attention to water conservation, recycling and management. Technology and better policies for efficient irrigation and water distribution can also help in solving these challenges. India is very rich in biodiversity. Efforts will have to be increased to protect wildlife, forests and ecosystems. Expansion of national parks, protected areas and sustainable agricultural practices can help protect the environment. The country's growing soft power through cultural diplomacy, media and Bollywood can further strengthen its global position. India's defence capabilities will be strengthened by advanced technology, increased indigenous defence production and increased cooperation with global partners. India's population will continue to grow, but there will also be significant demographic changes. India's urban population is expected to increase. We have to focus on building sustainable, resilient and technologically advanced cities that provide a better quality of life. Despite these many possibilities, India also faces many challenges in the new year. It will have to be said no. Bridging the gap between the rich and the poor will require substantial reforms in taxation, redistribution and social services. Eliminating corruption at all levels of government will be crucial for sustainable development. Though progress is being made, massive investments will still be needed in infrastructure, including roads, railways, energy and urban planning. Bold and far-sighted policies will be needed to tackle climate change, pollution and resource scarcity. India's aspirations revolve around becoming a global economic superpower, a leader in technology and innovation and a champion of social welfare and environmental sustainability. This will shape India's path ahead.

# The color of politics in the new year, the bitterness between the ruling and opposition parties is likely to increase

The election results will tell what Delhi has in its heart for whom in the new year, but it is clear that the political confrontation between BJP and AAP will reach its peak. The confrontation is also going to increase between Congress and AAP. Congress and AAP, who fought the Lok Sabha elections together, will not only fight the assembly elections alone but will also make harsh allegations against each other. The new year is being welcomed with many hopes, but the past year is telling that the politics of confrontation will continue in this new year. Perhaps the bitterness between the parties may increase further. 2024 is leaving behind such a political legacy. However, the foundation of political confrontation was laid in the year 2023 itself, when two dozen opposition parties formed INDIAA and Congress leader Rahul Gandhi directly attacked Prime Minister Modi through Gautam Adani, whose credibility has been the biggest asset of the BJP. Despite the contradictions that were exposed in between, INDIAA was successful in depriving BJP of getting majority on its own in the 18th Lok Sabha elections, but thanks to friends like Nitish Kumar and Chandrababu Naidu, Modi became the Prime Minister for the third consecutive time. Still, the opposition, which was faltering in two consecutive Lok Sabha elections, got a new lease of life. Its effect was also seen in the first session of the new Parliament, when the opposition appeared more aggressive, but then the equations changed. First in Haryana and then in Maharashtra, BJP deflated the enthusiasm of the opposition with a massive victory. In the winter session of Parliament, BJP's aggressive attitude also returned and the dispute in INDIAA seemed to be turning into cracks. In the last session of Parliament, the issue of Bhimrao Ambedkar also got added. It is certain that in the new year, the tussle will continue on the Waqf Board and One Country-One Election Bill and politics will also heat up on the issue of Uniform Civil Code. The shadow of all this will definitely fall on the year 2025. An FIR has been filed against Rahul Gandhi in the scuffle between BJP and Congress MPs during the demonstration on the Ambedkar issue. This case can take the form of another version of the conflict between BJP and Congress after the termination of Rahul Gandhi's membership in the last Lok Sabha in a defamation case. BJP will want to give a legal form to the case, while Congress will want to make it political. Although Congress seems to be alone in INDIA on the Adani and EVM issue, it will again want to make the Ambedkar issue a 'game changer'. Seeing the shared benefit, INDIA will also be seen speaking in one voice on the Ambedkar issue. This is confirmed by the fact that former Delhi Chief Minister Arvind Kejriwal has announced to start a scholarship in the name of Ambedkar, calling it an insult to his God. Undoubtedly, BJP is also not going to sit quiet. Obviously, conflicts on this issue will be seen in the future as well. Even if there is no scale to measure someone's commitment, no one wants to miss the opportunity to exploit such emotional issues electorally. Delhi Assembly elections are due in February as soon as the new year begins. AAP, which has scored a hat-trick of ruling the country's capital, will seek mandate for the fourth time, while BJP, which has been in opposition for 27 years, will leave no stone unturned to win the hearts of Delhiites. It is a matter of political research as to why Delhi, which has made BJP win all seven seats in the last three Lok Sabha elections, has been rejecting it in the assembly elections? The election results will tell what Delhi has in its heart for whom in the new year, but it is clear that the political confrontation between BJP and AAP will reach its peak. The confrontation is also going to increase between Congress and AAP. Congress and AAP, which fought the Lok Sabha elections together, will not only fight the assembly elections alone, but will also make harsh allegations against each other. It has already begun. Delhi Congress's big leader Ajay Maken has called Kejriwal anti-national, admitting his friendship with AAP as a mistake. AAP has warned of talking to other constituent parties to oust Congress from the alliance if no action is taken against Maken. The path of alliance is becoming increasingly difficult for Congress, which was able to reach 99 seats only due to INDIAA. In the Haryana assembly elections, it did not give importance to any of the constituent parties, while in Maharashtra it became the big brother. In such a situation, the blame for the defeat fell on it the most. When Mamata Banerjee staked claim to the leadership of the alliance, from Sharad Pawar to Lalu Yadav, everyone took no time in supporting her. Akhilesh Yadav has also expressed his intention by not giving a single seat to Congress in the nine assembly elections of Uttar Pradesh. Jammu and Kashmir Chief Minister Omar Abdullah has advised Congress to accept the election results on the EVM issue, while Jharkhand Chief Minister Hemant Soren is also not happy with Congress demanding the post of Deputy Chief Minister. Congress, which fought on 70 seats last time, proved to be the weakest link in the alliance by winning 19 seats. Therefore, in the Bihar assembly elections to be held in October 2025, Lalu-Tejashwi will also want to keep it in limits. In the Congress Working Committee meeting held there on the completion of 100 years of Belgaum session, President Mallikarjun Kharge has described 2025 as the year of empowerment of the Congress, but due to its increasing conflict with the allies the alliance is deepening.

# परत दर परत निकल रही बावड़ी की इमारत... दूसरी मंजिल से दिखा कुएं का गेट, खोदाई के बीच निकलने लगी गैस

## संभल में अब यहां मिली सुरंग... पृथ्वीराज चौहान के शासनकाल की होने का दावा; मढ़ी पर रहते थे इनके घोड़े

चंदौसी में बावड़ी की तलाश में 21 दिसंबर को शुरू हुआ खोदाई का कार्य मंगलवार को 11वें भी जारी रही। मजदूरों की एक टीम कुएं की तलाश में खोदाई को लगाई गई तो एक टीम बावड़ी में उतर रही सीढ़ियों के पास गलियारे और गलियारों के बीच मिट्टी खोदाई में लगाई गई। शाम पांच बजे तक कुएं की तलाश में 19 फीट तक की खोदाई की गई।मोहल्ला लक्ष्मणगंज में मिली बावड़ी का अस्तित्व अब परत दर परत सामने आ रहा है। मंजिल के कुएं का आधा गेट दिखने निकल रही है, जिसमें बदबू भी आ कि गैस से कोई असर नहीं है। वहीं, में करीब 19 फीट तक खोदाई की तलाश में 21 दिसंबर को शुरू हुआ 11वें भी जारी रही। नगरपालिका प्रियंका सिंह के नेतृत्व में टीम और बावड़ी स्थल पर पहुंचीं। मजदूरों की को लगाई गई तो एक टीम बावड़ी और गलियारों के बीच मिट्टी खोदाई कुएं की तलाश में 19 फीट तक इंस्पेक्टर ने बताया कि गलियारों के से कुएं की ओर जा रहा आधा गेट गैस भी निकल रही है। जिसमें से लगाया जा रहा है कि कुएं इसी स्थान जेसीबी से बावड़ी की ऊपरी सतह गया। शंखनाद के बाद पुलिस का बाकेबिहारी मंदिर में युवक द्वारा ने बावड़ी पर पहरा सख्त कर दिया होने की वजह से माहौल बिगड़ने न





पहली मंजिल के बाद अब दूसरी लगा है। उसमें से कुछ गैस भी रही है। हालांकि, मजदूरों ने बताया दूसरी ओर से भी कुएं की तलाश जा चुकी है।चंदौसी में बावड़ी की खोदाई का कार्य मंगलवार को परिषद की सेनेटरी इंस्पेक्टर कोक लाइन जेसीबी के साथ एक टीम कुएं की तलाश में खोदाई में उतर रही सीढ़ियों के पास गलियारे में लगाई गई। शाम पांच बजे तक की खोदाई की गई।सेनेटरी बीच खोदाई के दौरान दूसरी मंजिल दिखाई देने लगा है। वहां से कुछ बदबू आ रही है। इससे अनुमान पर है। इसके अलावा कोक लाइन से मलबा हटाने का कार्य किया पहरा हुआ सख्त-बावड़ी और शंखनाद किए जाने के बाद पुलिस है। मुस्लिम बहुल क्षेत्र में बावड़ी पाए। इसको लेकर मंगलवार को बावड़ी के दूसरी ओर की सड़क पर भी बांस लगा कर बैरिकेडिंग कर दी गई। इतना ही नहीं गली के मुख्य द्वार पर भी पुलिस मुस्तैद कर दी गई। पुलिस बावड़ी देखने आने वाले लोगों को वापस लौटाती रही। गनेशपुर मनोकामना मंदिर कुंड के जीर्णोद्धार और पुरातत्व विभाग के सर्वेक्षण की मांग-चंदौसी नगर से करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूर थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव गनेशपुर में स्थापित प्राचीन मनोकामना तीर्थ कुंड के पुनर्निर्माण और पुरातत्व विभाग के सर्वेक्षण की मांग की गई है। सनातन सेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख कौशल किशोर वंदेमातरम् ने इस संबंध में डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नीतू रानी को सौंपा है।उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत मोहम्मदनगर कस्बा के मझरा गनेशपुर में 1884 में बना मनोकामना मंदिर और एक विशाल कुंड है। कुंड के चारों ओर सीढ़ियां हैं। इसके बाद बरामदा और कमरे बने हैं। गंगा मइया का मंदिर भी है। कुंड में 32 गोले बने हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, 35 साल पहले इन 32 गोले से कुंड में पानी आता था। जलस्तर गिरने से पानी आना बंद हो गया। उधर, देखरेख के अभाव में कुंड जर्जर होता जा रहा है। इसके अलावा यहां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर तीन दिवसीय मेला भी लगता है। सनातन सेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख कौशल किशोर ने डीएम को भेजे ज्ञापन में प्राचीन धरोहर का निरीक्षण करके पुरातत्व विभाग से सर्वेक्षण की मांग की है। संभल के खेतापुर अमरपुर स्थित चुअर खेड़ा मढ़ी में एक सुरंग मिली है। मढ़ी के महंत किशन गिरि महाराज का दावा है कि यह सुरंग संभल तक जाती है। बताया कि सुरंग पृथ्वीराज चौहान के सेनापति चौड़ा के आवागमन के लिए बनी थी। प्रशासन ने इसकी खोदाई कराने का आश्वासन दिया है। संभल के गांव खेतापुर अमरपुर उर्फ धर्मपुर में स्थित चुअर खेड़ा मढ़ी से सुरंग संभल तक जाने का दावा मढ़ी के महंत किशन गिरि महाराज ने किया है। महंत का कहना है कि प्रशासन ने जल्द इस सुरंग की खोदाई कराने का आश्वासन दिया है। इसी क्रम में रविवार को सफाई भी कराई गई थी। प्राचीन सिद्ध पीठ आश्रम से भी लोग इस मढ़ी को पहचानते हैं। प्राचीन स्थल होने के चलते आसपास के गांवों के लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। महंत ने बताया कि पृथ्वीराज चौहान के शासनकाल में भी यह मढ़ी थी। इस मढ़ी पर उनके एक चौड़ा नामक सेनापति रहा करते थे। जो इमली वाली देवी की पूजा करते थे। वह मंदिर अभी भी स्थित है। महंत ने बताया कि पूर्वजों ने बताया है कि पृथ्वीराज चौहान का किला संभल में था इसलिए मढ़ी से सुरंग संभल तक जाती थी। जिससे सेनापति का आना जाना रहता था। पृथ्वीराज चौहान के शासनकाल के बाद भी यह सुरंग खुली रही। अब पूरी तरह पट गई है। महंत ने बताया कि इसी वर्ष सुरंग की खोदाई कराई गई थी। करीब 100 मीटर तक खोदाई की गई थी लेकिन बाद में वह खोदाई बंद कर दी थी। महंत का कहना है कि इस सुरंग की खोदाई कराई जाए तो संभल तक ही पार निकलेगी। इसलिए प्रशासन ने रविवार को इस मढ़ी की सफाई कराई है। साथ ही कहा है कि जल्द सुरंग की खोदाई कराई जाएगी। जिससे प्राचीन सुरंग का सच सामने आ सके और यह भी जानकारी स्पष्ट हो सके कि यह सुरंग कहां जाकर निकलती है। महंत का दावा, मढ़ी पर रहते थे पृथ्वीराज चौहान के घोड़े-महंत ने बताया कि बुजुर्ग बताते थे कि इस मढ़ी पर ही पृथ्वीराज चौहान के घोड़े आराम करते थे। सुरंग के रास्ते ही वह संभल तक जाते थे। क्योंकि इस मढ़ी के आसपास अभी भी कोई गांव नहीं है। सदियों पहले तो दूर-दूर तक जंगल होता होगा। महंत का कहना है कि सुरंग की खोदाई से सारे तथ्य सामने आ जाएंगे। इसलिए इस सुरंग की खोदाई होनी जरूरी है। चुअर खेड़ा की मड़ी की प्रशासन ने कराई सफाई- इससे पहले चुअर खेड़ा मड़ी पर रविवार को चंदौसी तहसील की टीम ने सफाई करवाई। इस मड़ी को भी प्राचीन बताया जा रहा है। लोग प्राचीन सिद्ध पीठ आश्रम के नाम से इसको जानते हैं। बताया जा रहा है कि पृथ्वीराज चौहान के समय की यह मड़ी है। महंत हरिओम गिरि ने बताया कि प्रशासन की टीम मड़ी पर पहुंची थी। सफाई कराई गई है। महंत ने बताया कि यह मड़ी प्राचीन है और इस मड़ी से एक सुरंग दूर कहीं जाती है। यह सुरंग कहां जाती है इसकी जानकारी तभी हो सकेगी जब इसकी खोदाई कराई जाए। वहीं दूसरी ओर डीएम ने बताया कि फिलहाल तो मड़ी की सफाई कराई गई है। जिससे प्राचीन स्थल की सही जानकारी हो सके। अभी इस स्थान के बारे में जानकारी की जा रही है।

# हेल्पर की छत गिरकर मौत, परिजनों ने शव रखकर किया हंगामा

पाकबड़ा- फर्मकर्मी छत से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे टीएमयू में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने शव फर्म के गेट पर रखकर फर्म मालिकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी ली। साथ ही परिजनों को शांत कराकर थाने ले आए। अमरोहा जिले के डिडौली गांव का निवासी अंकित ( 21 ) पुत्र महावीर हाईवे पर स्थित लोधीपुर राजपूत गांव में डिजाइनको फर्म में हेल्पर का काम करता था। वह मंगलवार को सुबह घर से



काम के लिए फर्म में पहुंचा था। दोपहर को लंच के समय सभी फर्मकर्मी टीन शेड पर बैठकर खाना खा रहे थे। सभी लंच का समय खत्म होने पर नीचे आ रहे थे। तभी अंकित जहां बहुत पुरानी टीन पड़ी थी उसके ऊपर से चलने लगा। अचानक वह टीन के नीचे से निकलकर जमीन पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी कर्मचारियों ने उसे उठाकर टीएमयू में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली तो वह टीएमयू पहुंचे और शव को टीएमयू से लाकर डिजाइनको फर्म के गेट पर रख दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि फर्मकर्मी शव को टीएमयू में छोड़कर भाग आए और फर्म का गेट बंद कर दिया। इसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को शांत कराया, साथ ही मैनेजर एवं कर्मचारियों से बात की। वहीं परिजन शव को लेकर थाने आ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि अंकित की 2 साल पहले ही शादी हुई थी। एक छोटा भाई एवं बहन है। मां मधु एवं पत्नी अनीता का रो- रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा तहरीर दी जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गोकशी के आरोपी की पिटाई के बाद मौत, इलाके में तनाव...पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र में सोमवार देर गोकशी करते रंगे हाथ पकड़े गए युवक को भीड़ ने जमकर पीटा था। जहां मंगलवार को उसकी निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।



सोमवार तड़के लाठी-डंडे और लात-घूसों से उसको इतना मारा था कि वह मौके पर ही बेहोश हो गया। पुलिस के द्वारा इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक गोकश आरोपी शाहेदीन पुत्र शफीक गलशहीद थाना क्षेत्र के असलपतपुरा का रहने वाला था। पुलिस की कड़ी निगरानी में मृतक के शव को ईदगाह के पास कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया है। मॉब लिंचिंग में मौत के बाद गलशहीद थाना क्षेत्र के ईदगाह इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया की पुलिस ने गोकशी करने के जुर्म मे शाहेदीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मृतक के भाई की तरफ से अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर प्राप्त हुई। उस तहरीर के आधार पर भी मुकदमा पंजीकृत किया गया हैं। पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही हैं। मंडी समिति परिसर में कुछ लोग छुट्टा गोवंशीय पशु को अंधेरे में ले जाकर गोकशी की कोशिश कर रहे थे। सूचना पर पहुंचे लोगों ने आरोपियों को घेर लिया। इस दौरान तीन आरोपी भागने में सफल हो गए, जबकि शाहेदीन नामक आरोपी को पकड़कर लोगों ने जमकर पीट दिया। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### 14 जनवरी 2025 तक सभी शिक्षण संस्थाएं ( प्राथमिक विद्यालय एवं जूनियर हाईस्कूल ) बंद रहेंगे

क्यूँ न लिखूँ सच

जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने बताया कि शीतकालीन सत्र में कड़ाके की ठण्ड एवं शीतलहर के कारण दिनांक 14 जनवरी 2025 तक सभी शिक्षण संस्थाएं ( प्राथमिक विद्यालय एवं जूनियर हाईस्कूल ) बंद रहेंगे। विद्यालयों में अधिकांश आंगनवाडी केन्द्रों का संचालन भी हो रहा है। आंगनवाडी केन्द्रों पर आने वाले 3-6 वर्ष आयु के बच्चे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी छोटे होते हैं एवं वहां पर ठण्ड से बचाव के कोई साधन उपलब्ध नही हैं। जिलाधिकारी ने आंगनवाडी केन्द्रों पर उपस्थित होने वाले 03 वर्ष से 06 वर्ष आयु के लाभार्थी बच्चों को भी शीतकालीन सत्र में कड़ाके की ठण्ड एवं शीत लहर से बचाने के लिए सभी आंगनवाडी केन्द्रों पर भी दिनांक 14 जनवरी 2025 तक का अवकाश घोषित किया है। उन्होंने कहा कि अवकाश अवधि में आंगनवाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा आंगनवाडी केन्द्र पर दी जाने वाली अन्य सुविधाएं जैसे-ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस, गृह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधि, पोषाहार वितरण, पोषण टैऊकर फीडिंग, मासिक बैठक इत्यादि अन्य सभी लाभार्थीपरक सेवाएं एवं शासकीय कार्य निर्धारित तिथियों में पूर्व की भांति चलते रहेंगे। समस्त आंगनवाडी कार्यकत्री एवं सहायिका निर्धारित समय में उपस्थित रहकर उपरोक्त कार्यो को पूर्ण करेंगी। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि क्षय रोग ( टी0बी0 ) के उन्मूलन हेतु 100 दिवसीय अभियान की अपेक्षित गतिविधियों व विभागीय बैठकों में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहेंगी।

### चंदौसी रेलवे स्टेशन पर शंटिंग के दौरान पटरी से उतरा इंजन, मौके पर पहुंचे अफसर, जांच के आदेश

चंदौसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर शंटिंग के



दौरान इंजन पटरी से उतर गया। घटना के बाद रेलवे अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। इस दौरान कुछ समय के लिए ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। हालांकि, किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। रेलवे कर्मियों ने इंजन को दोबारा पटरी पर लाने का कार्य पूरा किया जा रहा है। अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

### बाइक सवारों ने साइकिल में मारी टक्कर, छात्र की मौत

मुरादाबाद। तेज रफ्तार बाइक सवारों ने साइकिल से जा रहे छात्र व उसके मौसेरे भाई को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने छात्र अमन को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर मृतक परिजनों में कोहराम मच गया। मुरादाबाद के थाना मझोला के मोहल्ला खुशहालपुर निवासी अमन ( 21 ) पुत्र मलखान सिंह मंगलवार को गांव किशनपुर गांधी निवासी अपने मौसा विजयपाल सिंह के घर आया था। दोपहर में अमन मौसेरे भाई शुभम और शिवा के साथ साइकिल से वोबद वाला गांव स्थित ट्रेलर की दुकान पर गया था। शाम को जब वह वापस आ रहे थे उसी समय बाइक सवार किशनपुर गावड़ी निवासी पूरन सिंह पुत्र रामपाल सिंह, सुभाष पुत्र लेखराज सिंह ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लोगों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। वहीं परम सिंह व सुभाष सूचना मिलते ही मृतक के मौसी के परिजन व रिश्तेदार भी अस्पताल में पहुंचे। घटना में उसका मौसेरा भाई शिव मामूली घायल हुआ जबकि बाइक सवार पूरन सिंह व सुभाष सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर बड़े भाई निशांत, तनु, माता प्रवेश देवी, मौसी आदि का रो-रोकर बुरा हाल था।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## निर्माणाधीन पुलिस लाइन की बिल्डिंग की छत से पानी आने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी फटकार

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली निर्माणाधीन पुलिस लाइन की बिल्डिंग के कालम समान्तर ओर क्षेतिज न मिलने कारण तथा बिल्डिंग की छतें समतल ना हो ने व पानी का रिसाव पाये जाने के कारण संबंधित को लगाई डीएम ने कड़ी जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान ने आज जनपद में अपने भ्रमण के दौरान 198.71 करोड़ की लागत से बन रही पुलिस लाइन में आवासीय एवं अनावासीय भवन का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा टाइप-04-बिल्डिंग,फील्ड यूनिट व बैरक आदि का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को किसी भी बिल्डिंग



स्ट्रक्कर का कार्य संतोष जनक ना मिलने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए पीएमसी,अधिशासी अभियंता भवन पीडब्ल्यूडी सहारनपुर ओर सम्बंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी गई और मानक के अनुसार कार्य करने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन पुलिस लाइन में आई0टी0बी0एच0यू0 की रिर्पोट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही क्यूब टेस्ट/ग्रेडेशन तथा बालू आदि की अनुपात की रिर्पोट को मांगा गया जो निरीक्षण स्थल पर उपलब्ध नहीं करायी गयी। उनके द्वारा किया गया दैनिक/साप्ताहिक निरीक्षण रिर्पोट कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। तत्क्रम में निर्माणाधीन टाइप-4 साईट का निरीक्षण करने पर पाया गया कि उनके कॉलम, दीवारों के क्षेतिज नहीं पाये गये। तथा एक छत से पानी टपकता हुआ मिला व दीवारों/कॉलमों में कर्व (BANDING) पायी गयी। तथा पीएमसी एक्शन रिर्पोट/क्यूब टेस्ट मांगी गयी। क्राइम ब्रांच साइट-का निरीक्षण किया गया। एम0 2-5 चेक करने के निर्देश दिए। तथा स्ट्रक्टक्कर ड्राइंग देखने के निर्देश दिए। उन्होंने एम0टी0 सेक्शन/जिमिनियस हॉल-एम0 2-5 सेक्शन का निरीक्षण किया गया जिसमें काफी कमियां पायी गयी। कॉलमों में कर्व पाया गया तथा क्षेतिज रूप में नहीं पाये गये। मिनी सुपर मार्किट-का निरीक्षण किया गया जिसमें छतों में मुडाव एवं बिडिंग के कॉलम बेस कॉलम/रौ से बाहर मिलें। जिससे दर्शाया जाता है कि बिडिंग का निर्माण बहुत लाफरवाही से किया जा रहा है।सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया कि बिल्डिंग के सभी निर्माणाधीन कार्य मानकों को ध्यान में रखते हुए कार्य कराये। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम,मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, पीडब्ल्यूडी राजकुमार,अधिशासी आदि मौजूद रहें।

## भगवान पार्श्वनाथ की भक्ति करके श्रद्धालुओ ने मनाया नव वर्ष का पावन उत्सव

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली जलालाबाद श्री 1008 पार्श्वनाथ भक्तामर पाठ दीपार्चन करके प्रभु के चरणो मे जलाये दीप। श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्रजलालाबाद में नव वर्ष बडे ही उत्साव पूर्वक मनाया गया। काफी श्रद्धालुओ ने भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन कर भक्ति भाव प्रकट किये। बाहर से आये जैन श्रावको ने पूजा पाठ किया। प0 सनत जैन ने विधि विधान के साथ प्रात: श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक व शांतिधारा करायी। शांतिधारा के पुण्यार्जक श्री कणिष्क जैन सहारनपुर व अजय जैन दिल्ली रहे। शांतिधारा करने के पश्चात मंगल आरती की गई। उसके पश्चात विधि विधान से पूजन किया गया। फिर प्रथम तीर्थंकर भगवान



ऋषभ देव की महिमा गायी गई। इसके बाद भजनो के साथ 48 कढो के 48 महा काव्य पढकर श्री 1008 आदिनाथ भगवान के चरणों सभी श्रद्धालुओ ने एक एक दीप प्रभु चरणो में समर्पित किया। भक्तामर पाठ करने के पुर्न्याजक श्रीमति रेशू सेठी पत्नि मंयक सेठी व आदि को सौभाग्य प्राप्त हुआ। ध्वजारोहण कर्ता श्रीमति सीमा जैन, अतिशय जैन (रोबिन) एवं शुभम जैन, अजय कुमार जैन, अंकुर जैन, नवकार जैन, प्रियंका जैन, शिल्पी जैन सपरिवार नानौता रहे। बाहर से आये कार्यक्रम में भाग लेने वाले श्रद्धालुओ का मंदिर कमेठी के मंत्री श्री सुशील कुमार जैन ने पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया व साथ में कस्बे के सभी पत्रकार बंधुओ का पटका व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुशील कुमार जैन मंत्री, सतीस जैन, राज जैन, काजल जैन, रेशू जैन, मयंक जैन, आदि जैन , ऋषका जैन, सचिका जैन, राहुल जैन, सचिन जैन आदि प्रभु की भक्ति में उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने नव वर्ष का शुभारम्भ वृद्ध जन आवास गृह मे वृद्धजनो के साथ समय बिता कर किया

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम रह रहे समस्त वृद्ध जनों से उनकी कुशल क्षेम पूछी तथा नव वर्ष की दीं शुभकामनाएं जिलाधिकारी ने वृद्धजनों को कंबल एवं फल आदि भी वितरित किया



जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज बुखारा मोड़, आई0टी0बी0पी0 कैम्पस के समाने स्थित समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्त पोषित वृद्ध जन आवास गृह (वृद्धाश्रम) का भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम रह रहे समस्त वृद्ध जनों से उनकी कुशल क्षेम पूछी और नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। वृद्धाश्रम में उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, जिस पर वृद्ध जनों ने बताया कि यहां पर सभी उचित सुविधाएं मिल रही हैं। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने समस्त वृद्धजनों को कंबल एवं फल आदि का भी वितरण किया। निरीक्षण के समय सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये ठण्ड के दृष्टिगत वृद्ध जन आवास गृह मे भी अलाव की व्यवस्था की जाये। निरीक्षण के समय ठंड के दृष्टिगत वृद्धाश्रम में भोजन, साफ-सुथरे रजाई-गददे, गरम पानी, बिजली आदि की व्यवस्था बनाये रखने के भी निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर गोविन्द मौर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, वृद्धाश्रम संचालक सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे!

## ऑक्सीजन रिफिलिंग के दौरान फटा ऑक्सीजन सिलेण्डर, रिफिलिंग करने वाले कर्मचारी की हालत गंभीर , घटना को आनन फानन में दबाया

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली।- कोतवाली क्षेत्र में ऑक्सीजन रिफिलिंग के दौरान ऑक्सीजन सिलेण्डर फट गया था जिसमें रिफिलिंग करने वाले कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। उस समय मरीज को अस्पताल पहुंचाने के बजाय मालिक ने अपने सीसीटीबी तोड़ने में जुट गए मामले को दबाया गया घायल भीमसेन ने बताया कि एक महीने पहले तीन दिसंबर को समय करीब दोपहर तीन बजे अशोका गैस एजेंसी के मालिक विभोर अग्रवाल के गोदाम पर एंबुलेंस के छोटे सिलेंडर में रिफिलिंग कर रहा था इसी दौरान सिलेंडर फट गया । और बताया कि गंभीर रूप से घायल भीमसेन दर्द से तड़प रहा था। घायल मरीज को इलाज को अस्पताल ले जाने की बजाय मालिक विभोर अग्रवाल और उनके पिता आदित्य कुमार




गर्ग काफी देर तक सबूत मिटाने में लगे रहे। फिर अन्य कर्मचारी सौरभ और सुखदेव नजदीक के मुखर्जी अस्पताल लेकर गए, जहां हालत गंभीर होने पर सिद्धि विनायक अस्पताल रेफर किया गया । विभोर अग्रवाल एवं उनके पिता आदित्य कुमार गर्ग ने मीठी मीठी बातों में लेकर अस्पताल से छुट्टी करवाने कह सादा कागज पर हस्ताक्षर करा लिए और घर भेज दिया है। जहां घायल मरीज भीमसेन की हालत आज भी गंभीर बनी हुए है और दर्द से कराह रहा है। भीमसेन की घर की माली हालत भी अच्छी नहीं है, न ही घर का किराया दे पा रहा है और न ही घर पर खाने को राशन है इधर एजेंसी मालिक ने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है यह झूठ बोल रहा है इसका एक्सीडेंट हुआ था ।

## नए साल में पुलिस ने पहले गुडवर्क खाता खोला गो तस्कर को मुठभेड़ में गोली मारकर किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। हाफिजगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार रात पुलिस ने साल का पहला गुडवर्क किया। पुलिस ने रात करीब 12 बजे हुई मुठभेड़ में गोतस्करी के आरोपी राजू कुरैशी के पैर में गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। हालांकि, इसे पुलिस के टोटके से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जाता है कि पुलिस नए साल की शुरुआत में लूट, हत्या, डकैती सहित अन्य आपराधिक वारदात के मुकदमे दर्ज करने से परहेज करती है। वह पहला मुकदमा अपनी ओर से ही दर्ज करती है। ज्यादातर ये गुडवर्क से ही जुड़े होते हैं। रात 12 बजे हुई मुठभेड़ हाफिजगंज इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि मंगलवार रात



करीब 12 बजे पुलिस टीम ने भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर चुन्नीलाल निवासी राजू कुरैशी को घेर लिया। इस पर आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में राजू के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि आरोपी राजू के खिलाफ गोकशी के सात मुकदमे पहले से चल रहे हैं। अन्य धाराओं के मिलाकर उस पर करीब 12 मुकदमे हैं। हाल ही में उसने हाफिजगंज थाना क्षेत्र में गोकशी की दो घटनाएं की हैं। उसके पास से एक तमंचा, कारतूस व एक बाइक बरामद की गई है ।।

## हलवा लेने जा रहे मासूम बच्चे को कुत्ते ने नोच डाला

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। बरेली में छह साल के बच्चे को कुत्ते ने बुरी तरह नोच डाला। किसी तरह लोगों ने कुत्ते से मासूम को बचाया, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन बच्चे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। मामला आंवाला क्षेत्र के गांव रमनगला का है। बुधवार को नए साल के मौके पर गांव में हलवा और चाय बांटी जा रही थी, इसी दौरान छह साल के आदेश पर कुत्ते ने हमला कर दिया। वह बुरी तरह जख्मी हो गया। आदेश के पिता मेवाराम ने बताया कि गांव में हर साल हलवा और चाय नए साल के मौके पर बांटी जाती है। आदेश बच्चों के साथ हलवा लेने गया था। इसी दौरान



आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। आदेश को बुरी तरह से कुत्ते ने काट लिया। उसके चेहरे पर भी गंभीर काटने के निशान हैं। मेवाराम ने बताया कि किसी तरह से कुत्ते से मासूम को बचाया गया। इलाज के लिए आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इससे पहले भी दो बच्चों पर किए हमले इससे पहले भी क्योलड़िया और अलीगंज में दो बच्चों पर कुत्तों ने हमला कर दिया था। 28 दिसंबर को क्योलड़िया के भौआ बाजार निवासी इलियास का 13 वर्षीय बेटा अल्तमश शनिवार को घर के बाहर खेल रहा था। अचानक मोहल्ले में घूम रहे कुत्तों ने उस पर हमला कर उसके पैर में कई जगह काट लिया था। दूसरा मामला उसी दिन अलीगंज निवासी रोम सिंह के तीन वर्षीय बेटे वंश को भी घर के बाहर खेलते समय कुत्तों ने हमला कर दिया परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।।

## नये वर्ष में बालाजी धाम में विशेष पूजा-अर्चना

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- रिठौरा। आंग्लय नूतन वर्ष की मधुर बेला में पिछले उन्नीस वर्षो से थाना हाफिजगंज के गांव मिलक बमनपुरी में परम पूज्य गुरुदेव महन्त सूरजपाल मिश्रा की प्रेरणा से 19 वां चालीस दिवसीय अखण्ड सुन्दर काण्ड पाठ एवम् चालीसा व्रत का आयोजन किया जा रहा है। चौदह जनवरी को बड़े यज्ञ के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। पन्द्रह जनवरी को विशाल पद यात्रा श्री धाम महेंदीपुर बालाजी को प्रस्थान करेगी ।जिसमें लगभग ग्यारह सौ भक्त यात्रा में शामिल होंगे।जो श्रृद्धालु यात्रा में जाना चाहते हैं ।वह जल्द से जल्द महन्त से सम्पर्क जन



कल्याण सेवा समिति मिलक बमनपुरी महन्त सूरज पाल मिश्रा सेवक विपिन मिश्रा से सम्पर्क कर यात्रा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### जिला अधिकारी नगर भ्रमण के दौरान एक अज्ञात बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द किया

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली प्रोबेशन अधिकारी,शामली हामिद हुसैन ने बताया जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान द्वारा रेलवे स्टेशन शामली सहित नगर के विभिन्न स्थानों का रात्रि में भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी को एक अज्ञात



बालक उम्र लगभग 10 वर्ष रेलवे स्टेशन पर घूमता मिला। रेलवे स्टेशन पर बालक के परिजन को खोजा गया परन्त बालक का कोई परिजन नहीं मिला। उक्त बालक को जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपने संरक्षण में लेकर चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 में रात्रि में रूकवाया गया। चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 शामली द्वारा बालक की काउंसलिगं की गयी जिसमें बालक द्वारा बताया गया कि उसके माता-पिता दिल्ली में कार्य करते है। बालक का नाम प्रिंस व पिता का नाम दुखी यादव है। बालक ने अपने स्कूल की जानकारी दी। स्कूल के माध्यम से बालक के परिजनों से सम्पर्क किया गया। दिनांक 31.12.2024 में परिजनों के चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 में आने के उपरान्त उक्त बालक को चाइल्ड हेल्प लाईन के माध्यम से बाल कल्याण समिति के समक्ष बालक से सम्बन्धित दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति उपरान्त बालक को बाल कल्याण समिति शामली द्वारा बालक के परिजन के सुपुर्द किया गया।

### कर्तव्य फाउंडेशन ने नववर्ष पर गरीबों को बांटे कपड़े और फल

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। कर्तव्य फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष आकांक्षा सेठी के नेतृत्व में नववर्ष के उपलक्ष में प्रेम नगर की एक झुग्गी झोपड़ियां में रह रहे गरीबों को गर्म वस्त्र कंबल रजाई स्वेटर इत्यादि का वितरण किया इसके साथ ही फल और खाने पीने की वस्तु में भी



वितरित की उन्होंने बताया कि हर वर्ष कर्तव्य फाउंडेशन गरीबों की मदद करता है और समय-समय पर उनको जरूरत के समान और फल वितरित करता है उन्होंने कहा कि हमारे फाउंडेशन के सदस्यों के सहयोग से ही हम इतना आगे बढ़ रहे हैं और हमें जनता का बहुत प्यार मिल रहा है दीन दुखियों और गरीबों की मदद करने में हमारी संस्था सबसे आगे हैं और आगे भी गरीबों की मदद करती रहेगी

### 2025 के पहले दिन कड़ाके की ठंड , बरेली में शीतलहर से कांपे लोग

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली-बरेली में पछुआ हवा से मंडरा रहे बादल और कोहरे के कारण बुधवार सुबह 11=30 बजे तक सूर्य के दर्शन नहीं हुए। नए साल के पहले दिन शीतलहर से लोग कांपते दिखे। बीते साल के आखिरी दिन भी धूप नहीं निकली। मौसम विभाग ने दो दिन शीतलहर, कोहरा छाने और शीत दिवस का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तापमान में भी गिरावट होगी। मंगलवार को भी दिनभर कोहरा छाया रहा। सर्द हवा गलन का एहसास कराती रही। दिन में भी जगह-जगह अलाव जलाकर लोग ठंड से निजात पाने की कोशिश करते नजर आए। दिन का तापमान सामान्य से छह डिग्री कम 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शाम चार बजे से ही अंधेरा छाने लगा। न्यूनतम तापमान एक डिग्री लुढ़ककर सामान्य से पांच डिग्री अधिक 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार सुबह न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री दर्ज किया गया। नए साल के जश्न का जोश कड़ाके की ठंड पर भारी पड़ा।

### तहसील स्तरीय विभिन्न विभागों की समन्वय समिति की बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रिठौरा। नये वर्ष के पहले दिन बुधवार को एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बालविकास परियोजना, राजस्व विभाग सहित तमाम विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में समन्वय समिति की बैठक तहसील सभागार में आयोजित की गई। जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य द्वारा शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन एवं टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिए गए। किसानों की रजिस्ट्री आनलाइन करवाने के लिए भी सभी को आवश्यक निर्देश दिए ।वहीं बैठक में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को नोटिस जारी किया जाएगा ।और संतोष जनक उत्तर न मिलने पर उनके एक दिन के वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

# अलग अलग मामलों में कार्यवाही कर जिला प्रशासन द्वारा 1173 बोरी धान जब्त

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - तीन अलग अलग मामलों में जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए 1173 बोरी धान जब्त किया गया है। प्रतापपुर



क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतापपुर के नेतृत्व में नायब तहसीलदार मुकेश दास, नायब तहसीलदार संजय शर्मा व खाद्य निरीक्षक शशी जायसवाल, रेवटी चौकी स्टाफ के संयुक्त टीम द्वारा अवैध परिवहन के दौरान श्याम ट्रेडस द्वारा योद्धा पिकअप से 100 बोरी ( अनुमानित वजन 40 क्विंटल ) अवैध धान का परिवहन करते हुए शांतिनगर प्रतापपुर में बोरी धान जब्ती की कार्यवाही करते हुए प्रतापपुर थाना में धान एवं पिकअप सुपुर्द किया गया है। इसके अलावा एक अन्य कार्यवाही में ग्राम चाचीडाड में श्याम गुप्ता के गोदाम से एवं गोदाम के सामने खड़ी ट्रक में 700 बोरी धान लगभग 280 क्विंटल जब्त किया गया। जिसे थाना रेवटी के सुपुर्द में दिया गया। इसके अलावा संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम रेवटी में अनुपम पटेल के यहाँ पुराना धान 373 बोरी, लगभग 149 क्विंटल जब्त की गई एवं गोदाम सील करने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में राजस्व खाद्य एवं पुलिस की टीम सक्रिय रही। इसके अलावा धान के मामलों में निरंतर किसानों से रकबा समर्पण का कार्य भी कराया आज रहा है। राजस्व टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए किस्मत पति चंद्र देव बिहार पुर का 61 क्विंटल धान, जगदीश पिता सूरजभान नवाटोला का 159.6 क्विंटल धान रकबा समर्पण कराया गया। गौरतलब है कि जिले में अब तक 40717 किसानों से 2186227.0क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें 803927.0क्विंटल का उठाव किया जा चुका है। जिले में अबतक 10448 किसानों ने 631हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर श्री एस जयवर्धन द्वारा जिले के धानउपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत उन्होंने आज बसदेई धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया एवं धान खरीदी व उठाव हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# डॉ श्रीवास्तव के काव्यपाठ का प्रसारण 3जनवरी को होगा दूरदर्शन मध्यप्रदेश पर

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेन्द्र राठौर

झाबुआ/पारा- जिले के पारा नगर निवासी लेखक कवि पत्रकार डॉ अनिल श्रीवास्तव के काव्य पाठ का प्रसारण दूरदर्शन मध्यप्रदेश पर इंदौर डायरी कार्यक्रम में 3 जनवरी 2025 शुक्रवार को सुबह 11=30 पर होगा दूरदर्शन इंदौर द्वारा इंदौर डायरी कार्यक्रम के अंतर्गत काव्य गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन विगत 14 दिसंबर को इंदौर दूरदर्शन स्टूडियो पर किया गया था काव्य गोष्ठी में बदनावर के कवि गोपाल कावलिया व महेश्वर की श्रीमती स्वाति सिंह सोलंकी ने काव्य पाठ किया गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ कवि दिनेश तिवारी उपवन इंदौर ने किया ज्ञात है की पारा झाबुआ निवासी डॉ अनिल श्रीवास्तव लिखित गजलों की तीन पुस्तक रिसते जख्म, कसक, और अधूरी प्यास सहित चौथी पुस्तक लघु खंड काव्य राम का अंतर्द्वंद अमजोन पर उपलब्ध है आदिवासी अंचल के ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह उपलब्धि गर्व की बात है इससे पूर्व भी डॉ अनिल श्रीवास्तव का कविता पाठ आकाशवाणी से कई बार प्रसारित हो चूका है



KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# हायर सेकेण्डरी स्कूल जयनगर में बच्चों को बाल अधिकार कानूनों की दी जा रही है जानकारी

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर -कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई विभिन्न हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्कूलों के खुलने के साथ ही स्कूलों में बच्चों को उनके अधिकारों, बच्चों से संबंधित कानूनों एवं उनके सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी जा रही है। विकासखण्ड सूरजपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल जयनगर में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बच्चों को बाल विवाह अब केवल कुरीति ही नहीं बल्कि अपराध है। बाल विवाह करने में एक लाख जुर्माना एवं दो साल के सजा का प्रावधान है। उन्होने बताया कि बाल विवाह बालिका का विकास रुक जाता साथ ही उनके शिक्षा में अवरोध आ जाता है। कम उम्र में बालिका अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पाती है। इसलिए इस क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त कराना है। इस अभियान के लिए सभी बच्चों एवं शिक्षकों, सरपंच, सचिवों एवं अन्य विभाग के सभी को सक्रिय होने की आवश्यकता है। सभी बच्चों यौन अपराध से बचने की उपायों की भी जानकारी दी गई। साथ ही पॉक्सो एक्ट के संबंध में सभी को जागरूक किया, सभी बच्चों को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी दी। सभी बच्चों को चुटपी तोड़ने हेतु जागरूकता किया गया। यौन शोषण से बचने के लिए नो-नो टेल एफ आई आर जैसे सुक के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।बच्चों को किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त सूरजपुर बनाने में सहयोग का आह्वान किया बच्चों से भिक्षा वृत्ति कराना एक जघन्य अपराध है बच्चों को भिक्षावृत्ति करते देखने पर इसकी सूचना 1098 पर देने का आह्वान किया गया। बच्चों को नशे से बचाने ले लिए किशोर न्याय अधिनियम में प्रावधान दिए गये है। इसमें बच्चों को नशे में संलिप्त करने के लिए बंद प्रावधान दिये गये है। बच्चा नशे से दुर रहेगा तो आने वाला भविष्य की ठीक होगा और यदि अभी बच्चा नशे में संलिप्त हो जाता है तो हमारा भविष्य भी खराब होने वाला है। इसलिए हमे अपने क्षेत्र के बच्चों को नशे से दूर रखना है और बच्चे अपने अभिभावकों को भी नशे से दूर रहने का आग्रह करें। अवैध दत्तक ग्रहण के संबंध में भी जानकारी दी गई बताया गया कि बच्चे को गोद लेने और देने की प्रक्रिया किशोर न्याय अधिनियम में दिया गया है। इसके अतिरिक्त किसी प्रकार से भी गोद लेना और गोद देना दोनो अपराध है। जिसमें दोनों को दो वर्ष का सजा एवं एक लाख रुपये जुर्माना का प्रावधान है।कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल, प्रभारी प्रचार्य श्रीमती कृष्णा नायक, संचालक लीना खाख, श्रीमती आराधना कुशवाहा, श्रीमती नीलम मिंज, श्रीमती सुनीता सिंह, श्रीमती अंजू निगम, श्रीमती शिप्रा यादव, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती तरन्नुम परवीन, श्रीमती पद्मश्री जायसवाल, श्री शिवकुमार साहू, ममता मजूल, श्रीमती सोनम घोष, श्री पवन धीवर उपस्थित थे।





# ग्रामीण जनों की समस्याओं को सुनने सांसद श्री चिंतामणि महाराज पहुंचे ओड़गी के लुल्ह ग्राम

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - जिले के ओड़गी विकासखंड अंतर्गत घने जंगलों के बीच बसे ग्राम लुल्ह पहुंच सांसद श्री चिंतामणि महराज ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। ग्रामीणजनों की समस्याओं के निदान हेतु श्री चिंतामणि महराज 31 दिसंबर की रात्रि को ही बिहारपुर लुल्ह बैजनपाट पहुंच गये थे। जहां उन्होंने रात्रि विश्राम कर 01 जनवरी को क्षेत्रवासियों की समस्याओं को एक एक कर गंभीरतापूर्वक सुना और उपस्थित अधिकारियों को समस्या के निदान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ग्राम पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा सुआ नृत्य कर उनका स्वागत किया गया। श्री महाराज ने भी ग्रामीणों संग मिलकर करमा नृत्य किया। अपने लुल्ह ग्राम प्रवास के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीते मंगलवार को सांसद श्री चिंतामणि महाराज लुल्ह ग्राम पहुंच कर छिंद से बने झोपडी में रात गुजारी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ ही उनके पारंपरिक जलपान थूरू कंदा, महुआ लाटा व देशी रोटी ग्रहण किया। अपने प्रवास में सांसद श्री चिंतामणि महराज ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के शिकायतों को सुना। लोगों द्वारा ग्राम में फर्जी पट्टा बनवाने को लेकर शिकायत की गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत कि दुरी 30 किलोमीटर होने के कारण उन्हें कई गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्हें राशन के लिए भी यहां के लोगों को लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है। उन्होंने सांसद महराज से लुल्ह में ही राशन दिलाने कि मांग की है जिसपर उन्होंने इन समस्या के समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए एवं जाति, फौती, नामांतरण, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड की सुविधा के लिए सांसद श्री महाराज ने जनपद सीईओ व तहसीलदार को कैंप लगाकर ग्राम खोहिर, लुल्ह, भूण्डा, बैजनपाट के ग्रामीणों का समस्या का समाधान करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा अपने प्रवास के दौरान सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने उपस्थित ग्रामीणों को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण भी किया। इस दौरान सत्यनारायण सिंह राजेश्वर तिवारी प्रकाश दुबे अमन सिंह शत्रुघ्न तिवारी रामपाल जायसवाल शिवा प्रसाद अवध पाठक आनंद पाठक सिंह रामेश्वर वैश्य जग प्रसाद सिंह कालीचरण काशी नित पाठक प्रेमपाल विश्वकर्मा बैकुंठ जायसवाल रामनरेश साहू शाहिद काफी संख्या में ग्रामीण जन व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# सुखमय जीवन के कामना के साथ शिक्षक को दिया गया विदाई

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - शासकीय कन्या माध्यमिक शाला रामानुजनगर के शिक्षक श्री श्यामलाल ठाकुर को सेवानिवृति तिथि पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दिया। शिक्षक श्री ठाकुर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 02 फरवरी 1983 से सहायक शिक्षक के पद पर सेवा प्रारंभ कर आज 42 वर्ष 10 माह 27 दिन शिक्षकीय कार्य करते हुए आप लोगो के मध्य पद से निवृत हो रहा हूं। इस लंबे सेवा काल में मुझे छात्रों, पालकों, ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भरपूर स्नेह और सहयोग मिला। पूरे सेवाकाल में मै विद्यार्थी ही बना रहा। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री मनोज कुमार साहू ने श्री ठाकुर सर को रिटायरमेंट पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उनके साथ बिताए गए पलों को याद किया, उन्होंने कहा कि श्री ठाकुर सर अपने जीवन काल में कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक रहे। जब मैं इसी संकुल का संकुल समन्वयक था तभी से ही श्री ठाकुर सर का छात्रों एवं नवाचारी शिक्षा के प्रति लगाव का अनुभव मैने किया है, छात्र ही इनकी संपत्ति रहे। बीपीओ साक्षर भारत श्री रविंद्रनाथ तिवारी ने श्री ठाकुर को शुभकामना देते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए सराहना किया। व्याख्याता श्री हरेकृष्ण उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि 43 साल निर्विवाद और गरिमा के साथ सेवा पूर्ण करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो कम लोगों को ही नसीब होता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रामानुजनगर की सरपंच श्रीमती सुशीला सिंह एवं संकुल प्राचार्य श्री कामता प्रसाद प्रजापति ने श्री ठाकुर सर से आग्रह किया कि जब भी उन्हें समय मिले हमारे ग्राम पंचायत के स्कूल और संकुल में आए तथा शिक्षकों एवं छात्रों का मार्गदर्शन प्रदान करें। कार्यक्रम उपरांत छात्रों ने खीर, पुड़ी, सेवई, पापड़ सलाद के साथ न्योता भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर शिक्षकों में श्रीमती रेनू साहू, श्रीमती प्रिया पांडे, नरेंद्र पटेल, गुड्डी राही, निशा चौबे, प्रधान पाठक राम सिंह, मंसूर अहमद, ममता पटेल, आनंद साहू, कृष्णचंद्र दुबे समेत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभी व्याख्याता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक सुल्तान खान एवं आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक जयप्रकाश बरेठा ने किया।



आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना ,क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 9०7776991

## संक्षिप्त समाचार

# क्जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक ने शेल्टर होम, शहर के प्रमुख स्थानों अलाव और अन्य व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

देर रात में शीतलहर और कड़ाके की ठंड के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जरूरतमंद और निराश्रित लोगों को कंबल वितरित कर शेल्टर होम व रैन बसेरों में भेजा गया, ताकि ठंड से उनकी सुरक्षा की जा सके। शेल्टर होम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सर्दी से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था की जाए। उन्होंने निराश्रित लोगो को सर्दी से बचाव हेतु कम्बल का वितरण किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शहर के प्रमुख चौराहों अम्बेडकर चौराहा, रेलवे स्टेशन, कालपी रोड चौराहा, जिला अस्पताल, कोंच बस अड्डा आदि स्थानों पर भ्रमण कर अलाव की स्थिति का निरीक्षण किया साथ ही जरूरतमंद व असहाय लोगो को ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरण किये। उन्होंने मौजूद असहाय लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। ठंड से बचाव के लिए अलाव की पर्याप्त व्यवस्था है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी आंनद सिंह, तहसीलदार शेर बहादुर, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# सदर विधायक ने बैरागढ़ में विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

नववर्ष के मौके पर ग्राम बैरागढ़ में सदर विधायक गौरी शंकर



वर्मा द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में गांव के जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए यह एक बहुत ही सराहनीय पहल है खासकर ठंड के मौसम में जब असहाय गरीब और मजदूर लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है ऐसी समय पर सदर विधायक ने आकर समाज के गरीब मजबूर जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने में जो मदद की है यह समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है कैसे कार्यक्रमों को और व्यापक बनाने के लिए समाज के दबे कुचले गरीब मजबूर लोगों की सहायता के लिए अन्य लोगों को भी आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
OWN STATE
www.knlslive.com
02 January 2025


# सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षगण को दी गई भावभीनी विदाई

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती- पुलिस लाइन आदेश कक्ष में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस धर्मनाथ प्रसाद, राम कृपाल. विनोद कुमार शुक्ला, देवेंद्र नाथ चौबे के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने समारोह को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त उपनिरीक्षकों के समर्पण और अनुकरणीय सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि आप सभी ने अपने कार्यकाल में जो कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का परिचय दिया है, वह प्रेरणादायक है। पुलिस विभाग को आपके योगदान पर गर्व है। उन्होंने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हुए सभी उ0नि0 को स्मृति चिन्ह भेंट किया। तत्पश्चात प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण द्वारा सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक का माल्यार्पण किया गया उनके दीर्घायु होने की कामना की गई।



# जिला मुख्यालय जाने वाली रोड बाढ़ में कटी सड़क की अब तक नहीं हुई मरम्मत

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती- श्रावस्ती। भीषण बाढ़ आने से मल्हीपुर से जिला मुख्यालय भिनगा को जाने वाला मार्ग माधवपुर पुल के पास कई जगह क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे क्षेत्रीय लोगों को जिला मुख्यालय तक आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिला मुख्यालय को घूम कर जाने में लगभग 50 किलो मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। फिर भी प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बरसात में सड़क कटने के बाद आज तक रोड नहीं बन पाई। जिससे क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय तक आवागमन में परेशानी हो रही है। क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रहलाद सिंह, राम प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार गुप्ता, सदस्य जिला पंचायत हरीश जायसवाल गांधी, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान राम रूप वर्मा क्षेत्र के अन्य ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से सड़क मरम्मत करवाने की मांग की है।



# कल रक्षा मंच सर्व समाज के द्वारा यूनियन कार्बाइड के कचरे को जलाने के विरोध में पीथमपुर बंद का आवाहन

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप द्विवेदी

पीथमपुर यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को पीथमपुर में लाने को लेकर विरोध बढ़ता ही जा रहा है। विगत कई दिनों से प्रबुद्ध जनों के द्वारा बैठक ,धरना, विरोध रैली, साने आदि के आयोजन किया



जा रहे हैं। जैसे-जैसे समाचारों के द्वारा लोगों को जहरीले कचरे को आने की तारीख करीब आती जा रही लोगों में विरोध बढ़ता ही जा रहा है। समाज जनो का कहना है कि राम की कंपनी के विषैले कचरे से यहां की जनता पहले से त्रस्त है। पीथमपुर में पीने योग्य पानी भूगर्भ में नहीं बचा है। और एक बड़ी आपदा यूनियन कार्बाइड के कचरे को यहां निष्पादित किया जाएगा यहां की जनता किसी भी हाल में यह कचरा यहां नहीं जलते देगी। जिसका विरोध 29 दिसंबर को हाथों में काली पट्टियां बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। अब यह कोई राजनीतिक संगठनों का मुद्दा नहीं है यह आम जनमानस का मुद्दा बन गया है। इस विषय को लेकर व्यवसायिक, प्रबुद्ध जन, डॉक्टर वकील, इंजीनियर , गायत्री परिवार, राजनीतिक सामाजिक संगठनों युवाओं ने कल 3 जनवरी को पीथमपुर बंद करने का निर्णय लिया है। बंद को लेकर व्यापारियों से 1 जनवरी से सोशल मीडिया एवं स्वयं व्यापारियों से निवेदन कर 3 जनवरी शुक्रवार को बंद का निवेदन कर रहे हैं। व्यापारियों का समर्थन मिलता भी इनको दिख रहा है। वही एक दल कानूनी कार्यवाही करने के लिए जबलपुर प्लेन से पहुंचकर हाई कोर्ट में याचिका दायर करने पहुंच गए। जनता का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। एक दल जंतर मंतर पर दिल्ली में धरना प्रदर्शन करने के लिए रवाना हो गया है।

# एस.एस.बी. मुख्यालय भिनगा में साइबर क्राइम और साइबर सिक्योरिटी के बारे में जवानो को जागरुक किया

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती- श्रावस्ती कमान्डेंट 62वीं वाहिनी स.सी.ब.. भिनगा के दिशा निर्देशन में वाहिनी मुख्यालय भिनगा में एस.एस.बी. जवानो के लिए साइबर क्राइम/सिक्योरिटी से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया इस दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस (साइबर क्राईम ब्रांच) से निरीक्षक चंद्रहास मिश्रा, उप निरीक्षक सुनील कुमार के द्वारा विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, जैसे कि हैकिंग, फिशिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और पहचान की चोरी पर चर्चा की गई। इन अपराधों से बचाव के लिए कर्मियों को सावधानी बरतने के उपाय भी बताए, जैसे कि मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना, संवेदनशील जानकारी ऑनलाइन साझा करने से बचना और अज्ञात स्त्रोतों से ईमेल या संलग्नक न खोलना आदि कार्यशाला में साइबर सुरक्षा के सर्वोत्तम उपायों पर भी चर्चा की गई, जैसे कि सॉफ्टवेयर अपडेट रखना, फायरवॉल का उपयोग करना और एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर स्थापित करना। कर्मियों को सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन साझा करते समय सावधान रहने की सलाह दी और ष्साइबर अपराध आज के समय में एक गंभीर खतरा है, और यह महत्वपूर्ण है कि हम इन अपराधों से खुद को और अपने डेटा को बचाने के लिए कदम उठाएं। यह कार्यशाला हमारे बल कर्मियों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करने और उनसे बचाव के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने में मददगार होगी। इस दौरान निरीक्षक अनीत कुमार राठौर के साथ अन्य जवान उपस्थित रहे।



# पत्रकार राज संघ में नियुक्ति किए गए वरिष्ठ पत्रकार शिव कुमार मिश्रा

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप कुमार तिवारी

वरिष्ठ पत्रकार शिव कुमार मिश्रा रीवा जिले के निवासी हैं और और दैनिक क्यूं न लिखूं और श्रेय टीवी पत्रकार हैं जो अक्सर समाज कि अच्छाइयों और बुराइयों कि खबर प्रकाशित करते रहते है इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष मानस मिश्रा के अनुशंसा पर पत्रकार राज संघ में ब्लाक अध्यक्ष रीवा पर मनोनीत किए गए हैं और शिव कुमार मिश्रा ने पत्रकार राज संघ के संस्थापक नरेश राज शर्मा का और राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी जी का आभार व्यक्त किया है और जो संगठन के द्वारा दायित्व मिला है वह बड़ी सूझबूझ और ईमानदारी से अपने पद का निर्वाह करेंगे और पत्रकारों के हित का जो भी होगा उनकी आवाज उठाएंगे और हर संभव प्रयास करेंगे की आने वाला समय पत्रकारों के लिए अच्छा समय हो उसके लिए राज्य सरकार से और भारत सरकार से पत्रकारों के हितार्थ में जो यथा संभव हो करने और कराने का पूरा प्रयास करेंगे और जो भी पत्रकार साथी लगातार एक संस्था से लगातार पांच साल या पांच साल से ऊपर काम कर रहे हैं उनको अधिमान्य पत्रकार बनाने में जिला जनसंपर्क अधिकारी से मिलकर यह कार्य पूर्ण कराने में अपना योगदान देंगे शिव कुमार मिश्रा को ब्लाक अध्यक्ष रीवा पत्रकार राज संघ का बनाए जाने पर परिवार जनों ,युवाओं और क्षेत्रवासियों में खुशी कि लहर है लगातार बधाईया मिल रही है और उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना कि जा रही है



# कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन द्वारा किया गया शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई का निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर -आज मछली पालन विभाग सूरजपुर अंतर्गत शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई का भ्रमण कलेक्टर सूरजपुर श्री एस. जयवर्धन द्वारा किया गया। इस दौरान प्रक्षेत्र के मत्स्य बीज हैचरी, संवर्धन पोखर, मत्स्य प्रजनक तालाब एवं पानी सप्लाई हेतु गोबरी नदी में बने इंटेकवेल का निरीक्षण करते हुये प्रक्षेत्र में लगे प्लांटेशन का भी अवलोकन कलेक्टर द्वारा किया गया। इस सम्बन्ध में सहायक संचालक मछली पालन द्वारा जानकारी दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्पान उत्पादन का लक्ष्य 350 लाख के विपक्ष में 410 लाख एवं स्टैण्डर्ड फाई उत्पादन का लक्ष्य 80 लाख के विपक्ष में 80 लाख उपलब्धि प्राप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह एवं व्यक्तिगत मछली पालन से जुड़े हुये मत्स्य कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज फिंगरलिंग प्रदाय किया जाता है। इस दौरान कलेक्टर द्वारा प्रक्षेत्र में पानी की उपलब्धता हेतु नदी में बनाये गये स्टापडेम डिसिल्टंग कार्य एवं प्रक्षेत्र पहुंच मार्ग को सुगम बनाने हेतु निर्देशित किया गया। भ्रमण के दौरान मछली पालन विभाग के सहायक संचालक श्री एम.एस. सोनवानी, प्रक्षेत्र प्रभारी श्री सुधाकर बिसेन, श्री मुकेश कुमार राजवाड़े, श्री सतीश तिग्गा एवं अन्य विभागीय स्टाफ भी उपस्थित रहे।




## संक्षिप्त समाचार

# पत्रकार राज संघ में नियुक्ति किए गए प्रदेश अध्यक्ष

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप कुमार तिवारी

वरिष्ठ पत्रकार मानश मिश्रा सिंगरौली जिले के तहसील चितरंगी अंतर्गत ग्राम बीछी के निवासी है और दैनिक क्यूं न लिखूं पद पर पदस्थ हैं जो अक्सर समाज कि अच्छाइयों और बुराइयों कि खबर प्रकाशित करते रहते है इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी के अनुशंसा पर पत्रकार राज संघ में प्रदेश अध्यक्ष पर मनोनीत किए गए हैं और मानश मिश्रा ने पत्रकार राज संघ के संस्थापक नरेश राज शर्मा का और राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी जी का आभार व्यक्त किया है और जो संगठन के द्वारा दायित्व मिला है वह बड़ी सूझबूझ और ईमानदारी से अपने पद का निर्वाह करेंगे और पत्रकारों के हित का जो भी होगा उनकी आवाज उठाएंगे और हर संभव प्रयास करेंगे की आने वाला समय पत्रकारों के लिए अच्छा समय हो उसके लिए राज्य सरकार से और भारत सरकार से पत्रकारों के हितार्थ में जो यथा संभव हो करने और कराने का पूरा प्रयास करेंगे और जो भी पत्रकार साथी लगातार एक संस्था से लगातार पांच साल या पांच साल से ऊपर काम कर रहे हैं उनको अधिमान्य पत्रकार बनाने में जिला जनसंपर्क अधिकारी से मिलकर यह कार्य पूर्ण कराने में अपना योगदान देंगे मानस मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष पत्रकार राज संघ का बनाए जाने पर परिवार जनों ,युवाओं और क्षेत्रवासियों में खुशी कि लहर है लगातार बधाईया मिल रही है और उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना कि जा रही है



# पीथमपुर के नेताओं ने देपालपुर पहुंचकर चिंटू वर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप द्विवेदी

पीथमपुर भारतीय जनता पार्टी के इंदौर के जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा को देपालपुर पहुंचकर बधाई दी। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेश बैरागी, पूर्व पार्षद डॉक्टर हेमंत पटेल, प्रदीप द्विवेदी, पार्षद विजय रघुवंशी, रंजीत भंडारी ,राज पटेल, विनायक गज्जू, ललित पाटिल, लाखन सिंह नवासा, राजेश खरे ,कमल चौहान, भागीरथ पवार सहित काफी लोगों ने पहुंचकर पुष्प माला पहनाकर एवं मिठाई व केक काटकर जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में आवेदक स्वयं कर सकेंगे जानकारी संशोधन

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एम.एस.एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें 18 प्रकार के परंपरागत व्यवसाय/ट्रेड हेतु ऑनलाइन आवेदन सी.एस.सी. सेंटर के माध्यम से किया जाता रहा है। उक्त योजना के अंतर्गत आवेदकों द्वारा पीएमव्ही पोर्टल में एप्लिकेंट लॉगिन कर अपने आवेदन अद्यतन स्थिति व निजी जानकारी जैसे नाम, पता, बैंक आई.एफ.एस.सी. कोड में परिवर्तन करने की सुविधा है। यदि कोई आवेदक अपने आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन करना चाहता है तो वे उक्त पोर्टल पर लॉगिन कर आवश्यकता अनुसार संशोधन कर सकते हैं।

## पुलिस अधिकारी व जवानों को अनिवार्य हेलमेट पहनने के सख्त निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत् आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित करने, दुर्घटना से बचाव के उपाय से लोगों को अवगत कराने, यातायात नियमों की जानकारी सहित यातायात संबंधी विविध आयोजन सड़क सुरक्षा माह के दौरान सूरजपुर पुलिस के द्वारा की जाएगी। सूरजपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ बुधवार, 1 जनवरी 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के द्वारा हेलमेट रैली और यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह दिनांक 1 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को सावधानी के साथ सड़क नियमों का पालन करने के लिए जागृत करना और उनके जीवन को सुरक्षित करना है, जिले की पुलिस पूरे माह सड़क सुरक्षा से संबंधित कई कार्यक्रम नुक्कड, नाटक आयोजित करके, लोगों को सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। पूरे भारतवर्ष में प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में सड़क सुरक्षा माह मनाया जाता है

# Successful people have these 10 habits, you should also include them in your life from today

Who does not want to be successful. There are many examples around us who have touched the heights of success in their lives, but have you ever noticed that some special habits (Habits of Successful People) are seen in those people. We are going to tell about these habits in this article. With their help, you too can become successful. Success is something that everyone desires. Be it career, relationships or any other aspect of life, the desire to achieve success always remains. However, success is not just a game of luck, but it is the result of some special habits (Success Tips). Successful people follow some special habits, which make them different from




others. Let us know about 10 such habits of successful people which can help you to become successful. Set goals- Successful people know what they want from life and what they have to do to achieve it. That is, they do not have any doubt about their goal. After this, they divide their goals into smaller targets and make a plan to achieve them. Discipline- Successful people are disciplined. They work regularly to achieve their goals. They do not delay and complete their work on time. Hard work- Hard work is very important for success. Successful people always keep working hard. They are eager to learn new things and keep trying continuously to increase their abilities. Positive thinking Successful people always have positive thinking. They take difficulties as a challenge and try to find their solution. They always remain optimistic i.e. they keep hoping for the best and believe that they will be successful. Always learning- Successful people are always learning. They are eager to learn new things and increase their knowledge. They read books, learn new skills and are also ready to learn from others. Time management- Successful people know how to manage their time. They give priority to their work and do not waste time on unnecessary tasks. They plan their day and follow it. Good relationships- Successful people maintain good relationships with others. They are cooperative and ready to help others. They do networking and meet new people. Risk taking ability- Successful people are not afraid to take risks. They look for new opportunities and are ready to take advantage of them. They know that success can be achieved only by taking risks. Patience- Success does not happen overnight. Successful people are patient and keep trying continuously to achieve their goals. They do not get discouraged by failures and learn from them. Health Care- Successful people take care of their health. They exercise regularly, eat a healthy diet and get enough sleep. They believe that a healthy body is the key to success. These things are also important for success- Identify your weaknesses and work on them. Create a positive environment. Be confident. Celebrate your small successes. Take motivation from others.

# WHO shared 5 tips on New Year, follow them to stay healthy and fit

The new year (New Year 2025) has started. Along with this, the World Health Organization (WHO) has also shared some tips to stay healthy. It tells 5 such things which will keep your health healthy and will also help in staying energetic. Let's know what WHO told in these tips. WHO shared some tips to stay healthy. These tips will help a lot in avoiding the problem of heart disease and blood pressure. Healthy diet is very important to stay healthy. On the new year (New Year 2025), we do not just change the calendar, but change our bad habits and take a resolution to adopt healthy habits. You too may have taken a resolution to stay healthy. There are many ways to stay healthy, but today we will talk about some easy ways which have been shared by the World Health Organization (WHO) itself. These methods will not only keep you healthy, but will also make you more energetic. Consume less salt Salt is necessary for our body, but eating too much of it can lead to many health problems. Such as high blood



pressure, heart disease and stroke. Therefore, salt should be eaten in minimal quantity. Why eat less salt: Reduces the risk of high blood pressure. Reduces the risk of heart diseases. Reduces the risk of stroke. Makes bones stronger. Keeps water balanced. Tips to reduce salt: Add less salt while cooking. Avoid packaged foods. Use fresh spices. Eat homemade food. Eat a variety of foods A balanced diet is the most important part of staying healthy. Eating a variety of foods provides the body with all the necessary nutrients. Why eat a variety of foods: The body gets all the necessary nutrients. Immunity becomes stronger. The digestive system remains healthy. Weight is controlled. Tips to eat a variety of foods: Include fruits, vegetables, pulses, cereals, milk and yogurt in your diet. Eat fruits and vegetables of every color. Include nuts and seeds in the diet. Avoid unhealthy fats and oils Unhealthy fats and oils are harmful to our health. Eating them in large quantities can cause diseases like obesity, heart disease and diabetes. Why not to eat unhealthy fats and oils: Increases the risk of obesity. Increases the risk of heart diseases. Increases the risk of diabetes. Increases cholesterol. Tips to reduce unhealthy fats and oils: Avoid fried foods. Use ghee and butter as little as possible. Use olive oil. Eat nuts and seeds. Eat less sugar Eating too much sugar can cause obesity, diabetes and dental problems. Therefore, sugar should be eaten as little as possible. Why eat less sugar: Reduces the risk of obesity. Reduces the risk of diabetes. Reduces dental problems. Increases energy levels. Tips to reduce sugar: Avoid soft and sugary drinks. Eat less sweets. Eat whole fruits. Use honey or jaggery. Stay away from alcohol- Drinking alcohol can cause many health problems. Such as liver disease, cancer and heart disease. Therefore, alcohol should be completely avoided. Why not drink alcohol: The risk of liver disease increases. The risk of cancer increases. The risk of heart diseases increases. It has a bad effect on mental health. Tips to stay away from alcohol: Refuse to drink alcohol. Stay away from alcohol parties. Keep distance from friends who drink alcohol. These tips are also helpful Exercise regularly. Get enough sleep. Reduce stress. Get regular checkups from the doctor.

# If you sit for hours, your heart will become ill, even exercise will not work! Horrifying revelation in study

We sit at one place for hours due to work. Children also now prefer to play video games instead of playing outside, but do you know that sitting for hours like this can make you sick (Prolonged Sitting Side Effects). A more than 10.5 hours can cause for a long time can damage the does not give much benefit even breaks in between work and to sit for hours due to work. We However, we know that sitting for exercise. But a study has come out, 10.5 hours a day, then despite of heart diseases also increases. Heart health- Exercise strengthens risk of heart diseases. Obesity prevents obesity. Strong bones and muscles. Mental health- Exercise symptoms of depression. Still, why syndrome- Sitting for a long time problems like obesity, type-2 Heart diseases- Sitting for a long to heart attack or stroke. Back and




study has revealed that despite exercising, sitting for serious damage to your health. Sitting at one place heart. Sitting continuously for more than 10.5 hours from exercise. We can keep our health fit by taking adopting an active lifestyle. In today's life, we have have to sit for 9-10 hours or sometimes even more. long is harmful to health and to avoid this, we also according to which if you are sitting for more than exercising, your health can be harmed and the risk Let's know about this. Why is exercise important? - the heart, controls blood pressure and reduces the control- Regular exercise helps burn calories and muscles- Exercise strengthens bones and tones helps reduce stress, improve sleep quality and reduce is sitting for a long time harmful? -Metabolic reduces the metabolic rate, which can lead to diabetes, high blood pressure and high cholesterol. time increases the risk of blood clots, which can lead waist pain- Sitting in the same position for a long time puts pressure on the spine, which causes back and waist pain. Mental health- Sitting for a long time can cause mental problems like depression and anxiety. How to prevent?-Get up every half hour and walk a little- If you work sitting for a long time, then get up and walk a little every half hour. You can also do some stretching exercises. Climb stairs- Make it a habit to climb stairs instead of the elevator. Do at least 30 minutes of physical activity- Do at least 30 minutes of physical activity daily, such as brisk walking, running, cycling or going to the gym. Walk after meals- Taking a 15-20 minute walk after meals improves digestion and also increases metabolism. Take breaks in between while working- Even if you work from home, take breaks in between while working and walk for a while. Work standing up- If possible, work standing up. You can use a standing desk.

# Squid Game makers gave a big gift on New Year, revealed the secret of post credit scene with third season

The new year has started with a bang. In the world of entertainment, many films and series are coming to entertain the audience on the new year. In this episode, the Korean series Squid Game 2, which is trending everywhere, is now ready to return with a new season. Netflix has




shared a post related to the popular show which can make your day very special. Squid Game is ready for its final part Netflix announced the third season - will the bloody game end in the final part? Korean web series Squid Game is currently making a splash all over the world. The second season of this series has been released recently. The audience liked this season and also did not like it. With the return of the second season, the discussion of the third season also intensified. The makers also talked about its final part in many interviews. Now Netflix has confirmed the release of season 3 while wishing the fans on the occasion of New Year. When will the third season of Squid Game be released? - Fans are eagerly waiting for Squid Game 3. This is being discussed all over social media. On the occasion of New Year, ending the excitement of the audience, Netflix has shared a post in which a couple of dolls are seen. One of which you must have seen in the previous season, the male doll in the last post credit scene of season 2. Sharing the post, Netflix wrote in the caption, 'All dolled up and ready. Get ready to watch Squid Game. On Netflix in the year 2025.' After the release of this post, the happiness of the fans knows no bounds. Who was in the starcast of 'Squid Game'? 'Squid Game' is both directed and written by Hwang Dong-hyuk. Talking about the third part of the series, he had told that the audience should not miss this season by mistake. This is because Dong-hyuk has added many new things in it which the audience is going to like a lot, which has been officially announced. Talking about its star cast, Ga-Jae, Lee Byung-Hun and Wei Ha-Jun are seen playing important characters. Apart from these, Yim Si-Wan, Kang Ha-Neul, Park Gyu-Young, Park Sung-Hoon, Jo Yu-Ri, Yang Dong-Gyun, Kang Ae-Sim, Lee David and Lee Jin-UK have also been cast in the season. How was the final episode of season 2? - 'Squid Game 2', released on 26 December, has gained a lot of popularity on Netflix. Everyone is talking about this show everywhere. However, the last episode of the show is being discussed more. The last episode showed that the team of Myung-gi (player number 333), Dae-ho (player number 388), Gyeong-seok (player number 246), Yong-sik (player number 007), Hyun-joo (player number 120), Jun-hee (player number 222) and Jung-bae (player number 390) decide to rebel against the game makers. Seong Gi-hun also joins this rebellion and they start a war together. However, in the end, to control the fight, player number 001 again takes everything under his control and comes to the front man post. It is a matter of thought that despite having the opportunity, he does not shoot Gi-hun but kills his best friend in front of his eyes. Now what Gi-hun does next and whether he is able to find the police officer island or not, for this you will have to wait for the third season to stream.

# Avinash Mishra's mother did not like her son's choice, said shocking thing about Eisha Singh

The game of Bigg Boss 18 is going to be even more crucial now because this week one by one the family members of all the members will enter Salman Khan's controversial show. However, even before going to this show, the mother of this season's strongest contestant Avinash Mishra has said something about Eisha Singh which the actress' fans will probably not like at all.



Avinash Mishra's mother does not like Eisha Singh, called this contestant Avinash's true friend- Avinash Mishra's mother got angry at Eisha Singh For those who like reality shows, Bigg Boss is not just a show, but their emotion. Which contestant made what mistake in the task in the house, who is the most selfish member of this season, who has not done anything in the show so far and which contestant deserves to win the season, there is a discussion among the fans of this show on social media every day. Bigg Boss 18 is also now moving towards its finale. Salman Khan's controversial show, which started with 18 contestants, now has only 10 members left, who are fighting for the trophy. There are many ex-contestants of Bigg Boss, who are expressing their reaction on the game of everyone including Karanvir Mehra, Vivian and Avinash Mishra. This week will be Family Week, where everyone's family members will go to the show. However, even before entering the house, Avinash Mishra's mother has said such things about Isha, which is very shocking. Avinash Mishra's mother does not like Isha Singh? Now what advice does Avinash Mishra's mother give him after going to Bigg Boss 18, only time will tell. However, before that, while talking exclusively to the entertainment portal India Forum, she has vented out her anger on her son's dearest friend Isha Singh and called her the most selfish. When Avinash's mother was asked what she has to say about her son's bonding with Isha Singh, she replied quickly, "After whatever Salman sir has said about Isha, I cannot say anything. If you see Isha's game, it is clear that she is using Avinash. Whenever it is her turn to support Avinash, she steps back and goes to Rajat, thinking that he will save her from nomination. If you want to save yourself, then play your game, but being selfish like this and going here and there, I don't think this is true friendship". This contestant was called Avinash Mishra's true friend. Avinash Mishra's mother said that she wants her son to stay away from Isha in the house, because he is not that close to anyone else in the house. In this interview itself, the actor's mother called Vivian Dsena Avinash's best friend. Isha Singh was rejected by Avinash's mother, but she said that she is looking for a daughter-in-law for her son who is very calm. Let us tell you that Avinash Mishra is being seen as the top player of this season.

# I hate 2024... Malaika Arora remembered the flashback of last year, the actress's pain spilled in the post

The year 2024 is going to end and a new year 2025 (Happy New Year 2025) is going to start from tomorrow. During this, Bollywood actress Malaika Arora has told on social media before the New Year how the past year 2024 Malaika Arora's pain spilled What we talk about famous Bollywood in it. She makes headlines more about year, Malaika's name has once again social media regarding 2024. Her pain breakup with actor Arjun Kapoor and latest post. Malaika shared the latest Malaika Arora. She has been in the professional life. Now Malaika has Instagram handle. In which she has difficult for me compared to other years. challenges. This year I have learned that how important it is to trust yourself. try my best to know the reason behind talked in detail about whatever year has passed like a nightmare for prove to be the worst in Malaika



has been for her. Malaika has expressed her pain in the post. happened to Malaika in 2024 - shared post on social media If actresses, then Malaika Arora's name is definitely included her personal life than her acting career. By the end of the come into the limelight, because she has made a latest post on is reflected in this post and in gestures, she has reacted to the the death of her father. Let's take a look at Malaika Arora's post - The past year 2024 has been full of ups and downs for news especially because of her personal life more than her shared her experience of 2024 through a story on her official written - I do not hate the year 2024. But it has been very During this time I have also traveled a journey full of life can change in the blink of an eye. You have taught me Mental, physical health and emotions matter so much. I will whatever happened to me. In this way, Malaika Arora has happened to her in the year 2024. Let us tell you that this her. All this happened to Malaika in 2024. The year 2024 can Arora's life. Because in this year Malaika's 6-year-old relationship with her boyfriend Arjun Kapoor broke down and they broke up. After this, on 11 September 2024, the actress's father Anil Arora passed away. He committed suicide by jumping from the roof. Due to which a mountain of sorrows fell on Malaika. The pain is clearly visible in her posts regarding these matters.